तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 29 मई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 निर्माणाधीन 200 बिस्तरीय अस्पताल देखने पहुंची कलेक्टर









## झारखंड के देवघर से 6 साइबर ठग गिरफ्तार

# एपीके फाइल भेजकर मोबाइल करते थे हैक, बना लेते थे 5जी ई सिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- देशभर में लाखों लोगों को भेजा एपीके फाइल

अगर आप भी अपने मोबाइल फोन पर आने वाले एपीके फाइल को क्लिक कर डाउनलोड कर लेते है तो सावधान हो जाए। वर्तमान में एक ऐसा गिरोह सक्रिय है जो लोगों के मोबाइल फोन पर एपीके फाइल भेजकर उनके मोबाइल फोन को ही हैक कर लेता था और उनके खातों से रूपए आहरण कर लेता था। इतना ही नहीं आरोपी 5जी सिम अपडेट करने के नाम से ई-सिम एक्टिवेट कर लेता है। सरगुजा पुलिस व साइबर थाना की टीम ने झारखण्ड के देव घर से ऐसे ही एक गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के पत्थलगांव निवासी उमेश खूंटे ने जशपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके मोबाइल फोन पर 5 जी सिम अपडेट करने का लिंक भेजकर खाते से 5 लाख 53 हजार 9 सौ रूपए की ठगी की गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आईजी दीपक झा ने साइबर रेंज थाना को मामले की जांच के निर्देश दिए थे। साइबर रेंज पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की गई और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर देवघर से 6 आरोपियों संतोष कुमार दास, पप्पू महरा, प्रयाग दास, राजकुमार मण्डल, आर्यन कुमार व नित्यानंद को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 नग मोबाईल, पासबुक, चेकबुक एवं नगद 51 हजार रूपए बरामद किया।



मामले का खुलासा करते पुलिस अधिकारी व पुलिस गिरफ्त में आरोपी

### हर दिन 25 सौ लोगों को भेजते है एपीके फाइल

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके गिरोह द्वारा भारत में प्रतिदिन लगभग 25 सौ लोगों को एपीके फाईल भेजा जाता है। इसके लिए उन्होंने अलग अलग क्षेत्र में अपना एजेंट रखा है जिन्होंने अब तक लाखों लोगों को एपीके फाईल भेजा है और हजारों लोगों से ठगी कर चुके है। उन्होंने पुलिस को बताया कि एपीके फाईल पर क्लिक करते ही लोगों के मोबाईल की सारी जानकारी उन्हें अपने मोबाईल पर प्राप्त होने लगती है। जिसमें मुख्यतः सभी एसएमएस और ओटीपी को देखकर ठगी करते थे। बैंक ओटीपी के स्वयं पैसे का आहरण कर लेते हैं, तत्पश्चात उसको अन्य बैंक खातों में ट्रांसफर कर एटीएम मशीन से निकाल लेते हैं। एपीके फाईल से प्रार्थी के मोबाईल का एक्सेस लेकर उससे ई-सिम के लिए अप्लाई किया गया, उसके बाद उस ई-सिम को खुद के मोबाईल में चालू करके युपीआई के जरिये पैसा ट्रांसफर करके पैसे को अन्य बैंक खातों के ट्रांसफर किया गया है। आरोपियों के मोबाइल फोन से पीएम डॉट आवास, योजना डॉट एपीके, पीएम डॉट किसान डॉट योजना डॉट एपीके, आरटीओ चालान डॉट एपीके, परिवहन डॉट एपीके के नाम का एपीके फाईल व लिंक भेजकर मोबाईल हैक कर साइबर ठगी करने की जानकारी सामने आई है।

### बैंक का गार्ड भी शामिल

साइबर पुलिस के अनुसार जांच के दौरान झारखण्ड के देवघर एवं पत्थलगांव जशपुर से गिरफ्तार दो आरोपियों द्वारा इसी प्रकार एपीके फाईल भेजकर 29 लाख 15 हजार रूपए की ठगी की गई थी। इस दौरान बैंक के गार्ड ने बैंक के एक ग्राहक रामनिवास राम आ. जमल राम के मोबाईल में मदद करने के बहाने एपीके फाईल डाउनलोड करा दिया था। बैंक गार्ड एवं गार्ड को एपीके फाईल फॉरवर्ड करने वाले आरोपी को मधुपुर जिला देवघर से गिरफ्तार किया है जबकि इस गिरोह के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## चिटफंड कंपनी के नाम पर 9 करोड़ से अधिक की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

- झारखण्ड से पकड़े गए आरोपी

रकम दो गुना करने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। कंपनी में लोगों ने झांसे में आकर 9 करोड़ रूपए से अधिक का निवेश किया था। कंपनी लोगों के पैसे लेकर फरार हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त दो आरोपियों को झारखंड से गिरफ्तार किया है जबकि अन्य की तलाश जारी है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मैनपाट के कमलेश्वरपुर निवासी देवराज यादव आ. सूरजभान यादव ने 4 सितम्बर 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी कि नमनाकला में संचालित वेलफेयर बिल्डिंग एंड ईस्टेट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर, एडवाइजर हेड बलराम पाठक, जोनल मैनेजर अखिलेश प्रजापति व अन्य पदाधिकारियों ने रकम दो गुना करने का झांसा डकार लोगों से पैसे जमा कराए और फिर कंपनी बंदकर फरार हो गए। इस घटना की जांच पुलिस द्वारा की जा रही थी। इस बीच एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मामले की गंभीरता से जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान गवाहों, निवेशकों से पूछताछ, निवेशकों की सूची, बांड पेपर व अन्य दस्तावेजों के आधार पर निवेशकों द्वारा कंपनी में 9 करोड़ 26 लाख 60 हजार 554 रूपए जमा किए जाने की बात सामने आई। डायरेक्टरों ने भोले भाले लोगों से करोड़ो रूपए की ठगी करने के साथ ही उन्हें बांड पेपर प्रदान किया था। इस मामले में पुलिस द्वारा ईनामी चिट और धन परिचालन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम 1978 की धारा 4,5,6 एवं छत्तीसगढ़ के निक्षेपको का हितों का संरक्षण नियम 2005 की धारा 10 के तहत अपराध दर्ज किया गया और आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने झारखंड के पलामू सतबरवा सिंगडूरिया निवासी 56 वर्षीय अखिलेश कुमार प्रजापति आ. स्व.मालदेव महतो, पलामू लेस्लीगंज लोहड़ी निवाई 64 वर्षीय बलराम पाठक आ. दामोदर पाठक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, सउनि अभिषेक दुबे, आरक्षक रिषभ सिंह, अरविंद उपाध्याय, अमृत सिंह, अतुल सिंह एवं अन्य सक्रिय रहे।




## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आज से

**बलरामपुर।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर अटल नगर (छत्तीसगढ़) के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 29 मई से प्रारंभ होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था वाड्रफनगर में व्यवसाय फिटर, मैकेनिक डीजल, विद्युतकार एवं कोपा में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना तथा न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है। प्रवेश से संबंधित दिशा-निर्देश, नियम एवं विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका में दी गई है।

### कटहल व आम तोड़ रहे वृद्ध एवं बालक पेड़ से गिरे, मौत

**अम्बिकापुर।** पेड़ से गिरने की अलग-अलग घटनाओं में वृद्ध व बालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। वृद्ध कटहल तोडते समय जबकि बालक आम तोड़ते समय पेड़ से गिर गए थे और दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम निम्हा निवासी विमलेश पैकरा आ. नंदलाल पैकरा (11 वर्ष) 27 मई को दोस्तों के साथ देव स्थल स्थित आम पेड़ में आम तोड़ने गए थे। बालक पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था तभी अचानक नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन बालक को गंभीर हालत में लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन बालक को लेकर आपात कालीन केंद्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में गाधीनगर चिखलाडीह गिद्धापहरी निवासी मोहित आ. स्व. प्रेम साय (60 वर्ष) 27 मई को घर के समीप कटहल पेड़ पर चढ़कर कटहल तोड़ रहा था। इसी दौरान वृद्ध पेड़ से नीचे गिर गया। वृद्ध को पेड़ के नीचे गंभीर हालत में देख ऋषि राम शांडिल्य ने घटना की सूचना परिजन को दी। परिजन वृद्ध को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# लोन दिलाने के नाम पर शिक्षिका समेत 10 लोगों से 3 करोड़ रूपए की ठगी

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, क्रेसर प्लांट में लगाई ठगी की राशि

**अंबिकापुर।** लोन दिलाने के नाम पर झांसा देकर शिक्षिका समेत 10 लोगों से 3 करोड़ रूपए से अधिक की ठगी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। आरोपी ने लोगों के नाम पर अलग अलग बैंकों से लोन लिया और रूपए लेकर फरार हो गया। आरोपी ने दूसरों के नाम पर लिए गए लोन से अपने क्रेशर प्लांट का संचालन किया।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरगवां निवासी दिव्या एक्का पति पंकज लकड़ा राजपुर में शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। महिला जुलाई 2024 में जमीन खरीदकर घर बनवाने के लिए 15 लाख रूपए का लोन लेने के बारे में सोंच रही थी। शिक्षिका ने इसकी जानकारी अपने जीजा को बताई थी जिसके बाद जीजा ने एक व्यक्ति के बारे में बताया जो लोन दिलाने का काम करता है। इसके बाद बरियों के चंगोरी निवासी शिवशंकर दास महिला के घर आया और खुद को अनशिवआर्या फाउंडेशन ग्रुप कंपनी का संचालक बताया। आरोपी ने महिला को बताया कि वह कंपनी के माध्यम से लोगों को लोन दिलाने में मदद करता है। आरोपी ने महिला को अपने झांसे में लेने के लिए कई लोगों की फाइल दिखाई। आरोपी ने शिक्षिका को बताया कि वर्तमान में कंपनी में एक सच्ची स्कीम चल रही है जसके तहत कंपनी जो लोन महिला को दिलाएगी उसका 60 प्रतिशत कंपनी में जमा करना पड़ेगा और 40 प्रतिशत आवेदन करने वाले को मिलेगा लेकिन लोन का पूरा किश्त कंपनी हर महीने चुकाएगी। महिला को झांसे में लेकर आरोपी ने वाट्सएप के माध्यम से महिला का पैन कार्ड, आधार कार्ड, फॉर्म नंबर 16, सैलरी स्लिप, बैंक स्टेटमेण्ट व अन्य आवश्यक दस्तावेज ले लिया। महिला का कहना है कि उसने सिर्फ बैंक ऑफ इण्डिया के फार्म ही साईन करने गई थी लेकिन आरोपी ने मनमाने ढंग से आईसीआईसीआई बैंक से 15 लाख, बैंक ऑफ इण्डिया से 13.40 लाख, एचडीएफसी बैंक से 12.68 लाख समेत कुल 41.08 लाख रूपए का लोन निकाल कर महिला के खाते में ट्रांसफर करा दिया। बाद में आरोपी ने दबाव डालकर व झांसे में लेकर अलग अलग खातों में 28 लाख रूपए वापस ले लिया। इस ठगी की शिकायत महिला ने पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस घटना की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने शिवशंकर दास को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया कि वह क्रेसर प्लांट का संचालन करता है और क्रेसर प्लांट में नुकसान के कारण पैसों की आवश्यकता थी। इस लिए उसने महिला दिव्या एक्का को अनशिवआर्या फाउण्डेशन ग्रुप के माध्यम से झांसे में लेकर 41.08 लाख रूपए का लोन स्वीकृत कराया और कुल 28 लाख रूपए ले लिए। आरोपी ने कुछ महीनों तक किश्त भी भरा लेकिन बाद में उसने क्रेसर प्लांट में नुकसान के कारण किश्त भरना बंद कर दिया। इस तरह आरोपी ने महिला के अलावा 9 अन्य लोगों को भी झांसे में लेकर लगभग 3 करोड़ रूपए से अधिक की ठगी की। पुलिस ने मामले में धौरपुर किशनपुर निवासी 40 वर्षीय शिवशंकर दास आ. राजू दास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, सउनि अभिषेक दुबे, आरक्षक दीनदयाल सिंह, सुल्तान अहमद सहित अन्य सक्रिय रहे।



## चुनाव जीतने का अर्थ यह नहीं कि जो चाहो वही होगा : टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विधायक द्वारा की गई मारपीट और एफआईआर दर्ज होने को लेकर प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का भी बयान सामने आया है। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि अपराध दर्ज हुआ है तो कहीं ना कहीं कोई घटना घटित हुई होगी। जहां आपके पास मतदाताओं ने सत्ता में रहकर उनकी देखरेख करने की जवाबदारी दी है। जिन माध्यम से आपको जवाबदारी पूरी करनी है वहां मनमानी करने की मंशा रखोगे तो वो प्रजातंत्र नहीं रह जाता। आप मात्र चुने हुए जनप्रतिनिधि हो जो संविधान के प्रावधानों और कानूनों के अंतर्गत काम करने के लिए काम करने के स्वत्रन्त्र हो। चुनाव जीतने का अर्थ यह नहीं होता कि आप जो चाहो वो कर सकते हो या जो चाहोगे वही होगा। इस मानसिकता से भाजपा, उनके जनप्रतिनिधि और कभी अन्य जनप्रतिनिधि भी नहीं उभर पाते। इस बात को समझने की आवश्यकता है कि आपको मतदाताओं ने 5 साल तक संवैधानिक व्यवस्थाओं और कानून के प्रावधानों के अंतर्गत उनके लिए सहयोग काम विकास आदि करने के लिए अवसर दिया है। ये निरंकुश मनमानी करने का माध्यम नहीं हो सकता।



### नायब तहसीलदार की गतिविधियों की हो जांच : अनुराग सिंहदेव

राम कुमार टोप्पो पर दर्ज हुए अपराध को लेकर गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने अपनी प्रतिक्रया दी है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है राम कुमार टोप्पो जनहित में सक्रियता और समर्पित भाव से काम करने वाले विधायक है। वो सुबह से रात तक लगातार गांव गांव जाकर लोगों से मिलते है और समस्याओं का निराकरण करते है। नायब तहसीलदार द्वारा जिस प्रकार की शकायत की गई है। मेरा आग्रह है कि नायब तहसीलदार की कार्य प्रणाली और गतिविधियों, जनता के व्यव्हार की जांच होनी चाहिए। यह एक राजनैतिक व सड़यंत्र के तहत किया जा रहा है जो उचित नहीं है। जो विधायक एक्टिव होकर काम कर रहे है उनके खिलाफ आरोप लगना सही नहीं है।



# केते एक्शटेंशन को मंजूरी रामगढ़ से प्रभु श्रीराम की ऐतिहासिक पहचान को खत्म करने वाला कृत्य

- पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने एमडीओ जारी करने पर खड़े किए सवाल

**अम्बिकापुर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने केते एक्शटेंशन कोल परियोजना को मिली स्वीकृति के बाद केंद्र व राज्य सरकार की सोच पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि अडानी के एमडीओ वाली एक और कोल परियोजना केते एक्शटेंशन कोल खदान को आखिरकार केंद्र सरकार ने मंजूरी दे ही दी।

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम को आवंटित इस कोल खदान के कुल परियोजना के विस्तृत क्षेत्र का लगभग 99 प्रतिशत हिस्सा हसदेव अरण्य के संरक्षित एवं आरक्षित घने वन क्षेत्रों में है जहां 1,742.6 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित होगी। जिसमें लगभग 7 लाख पेड़ों की बलि दी जाएगी। यह पूरा वन क्षेत्र सरगुजा के ऐतिहासिक रामगढ़ पहाड़ से लगा हुआ है, जिसका अस्तित्व इस कोल खदान के स्वीकृति के साथ ही समाप्त होने की ओर इशारा करता है। वास्तव में यह कोल परियोजना हवाई दूरी में रामगढ़ की मुख्य मंदिर से 8 किमी की दूरी पर है। जबकि इससे अधिक दूरी पर चल रहे अन्य कोल परियोजनाओं के कारण लगातार रामगढ़ की पहाड़ धराशायी हो रही है, कई चट्टान टूट रहे हैं, दरारें आ रही हैं। इस खदान की स्वीकृति के साथ ही रामगढ़ के पहाड़ और मंदिर के अस्तित्व को लेकर सवाल खड़ा हो गया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव ने राज्य व केंद्र सरकार को 26 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा आयोजित विशेष सत्र को याद दिलाते हुए कहा है कि सर्वसहमति से यह प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा गया था कि हसदेव अरण्य क्षेत्र में आगे किसी भी नई कोल परियोजना को खोलने अनुमति या सहमति नहीं दी जायेगी। जिसमें विधानसभा के सदन में मौजूद सभी पार्टियों के विधायकों ने अपनी सहमति प्रदान की थी। इतना ही नहीं जुलाई 2023 में सुप्रीम कोर्ट में भी सरकार ने यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया था की हसदेव अरण्य क्षेत्र में नई कोल खदानें गैर जरूरी हैं। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि इन सब प्रयासों और प्रस्ताव के बावजूद छत्तीसगढ़ की मौजूदा भाजपा सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा केते एक्शटेंशन को मंजूरी दिया जाना रामगढ़ से प्रभु श्रीराम, सीता और लक्ष्मण, हनुमान सहित अन्य मंदिर के अस्तित्व व ऐतिहासिक पहचान को खत्म करने वाला कृत्य है। आनेवाले समय में यदि मंदिर और रामगढ़ का पहाड़ प्रभावित होता है, धराशायी होता है, मंदिर तक जाने का रास्ता बंद होता है तो इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय वन सलाहकार समिति, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वन मंत्री केदार कश्यप, अम्बिकापुर के स्थानीय विधायक व मंत्री राजेश अग्रवाल जिम्मेदार होंगे। जो कहते हैं कि इससे मंदिर व रामगढ़ पहाड़ को कुछ ⏭ शेष पेज 4 पर

## सुभाष चंद्र बोस वार्ड में नाला निर्माण का महापौर ने किया भूमिपूजन

# वार्ड में अब नहीं होगी जल भराव एवं पानी निकासी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड में लोगों को बारिश के समय पर जल भराव की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। वार्ड में केना बांध तालाब के समीप लम्बे समय से बहुप्रतीक्षित बड़े नाले के निर्माण का भूमि पूजन महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने किया। इस नाले के निर्माण से वार्डवासियों को मौसमी जलभराव और जलनिकासी की गंभीर समस्या से निजात मिलेगी। वार्ड में ननि द्वारा 22 लाख की लागत से बड़े और 5.50 लाख की छोटी नाली का निर्माण कराया जाएगा। प्रस्तावित नाले का निर्माण ऋषि पांडे के निवास से लेकर महेश चौबे के घर तक किया जाएगा।



इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि वार्डवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए नाली जलनिकासी के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। इस स्वीकृति के पीछे वार्ड भ्रमण के दौरान मिली वास्तविक समस्याओं और अनुशंसाओं का अहम योगदान रहा। महापौर ने वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य श्वेता गुप्ता की सक्रियता व समर्पित प्रयासों का कई बार उल्लेख किया। एमआईसी श्वेता गुप्ता ने बताया कि वार्ड वासियों द्वारा लंबे समय से जलनिकासी संबंधी समस्याएं नगर निगम को अवगत कराई जा रही थीं। उन्होंने व्यक्तिगत भ्रमण के दौरान समस्याओं का मुआयना किया और समाधान के लिए महापौर व संबंधित विभागों से लगातार संवाद करके यह स्वीकृति दिलवाई गई। उन्होंने बताया कि जल्द ही ठेकेदारी प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस दौरान सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, पीडब्ल्यूडी प्रभारी मनीष सिंह, जलप्रदाय प्रभारी जितेन्द्र सोनी, महिला बाल विकास प्रभारी प्रियंका गुप्ता, पार्षद विकास पांडेय, पार्षद शैलेंद्र सिंह, भाजपा नेता आकाश गुप्ता, कौशलेंद्र पांडेय, प्रियंका चौबे, सरस्वती यादव, अभिमन्यु तिवारी, आनंद सिंह, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, हर्ष जयसवाल, अजीत तिवारी, अरुण तिवारी, रामजी सोनी, गोलू तिवारी, मीरा तिवारी सीमा तिवारी, सुजीत तिवारी, संतोष चौधरी, रणविजय पांडे, चितरंजन सहाय, रामाश्रय मिश्रा, वीरेंद्र कुशवाहा, अक्षत पांडेय आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे। ननि के अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार भी भूमि पूजन में उपस्थित रहे।

### शीघ्र शुरू होगा निर्माण

एमआईसी सदस्य श्वेता गुप्ता व नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि नाला निर्माण कार्य की तकनीकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है और जल्द ही कर कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा। कार्य के दौरान स्थानीय नागरिकों को असुविधा न हो, इसके लिए समुचित प्रबंध किए जाएंगे तथा निर्माण के बाद नियमित रखरखाव एवं साफ-सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।




## खबर संक्षेप

### निकाय चुनाव: कांग्रेस ने नियुक्त किए प्रभारी

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में आगामी नगरीय निकाय चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने दोनों निकायों के लिए प्रभारी के लिए नाम तय कर दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय शिवपुर चरचा के लिए पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला तथा नपा बैकुंठपुर के लिए प्रदेश संयुक्त महासचिव वेदांति तिवारी को प्रभारी बनाया गया। उक्त दोनों पदाधिकारियों को निकाय क्षेत्र के संबंध में पार्टी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन तथा कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से प्रभारी के रूप में नाम तय किए गए।

### 220 बिस्तर अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में आधुनिक सुविधाएं

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी में 220 बिस्तर अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में जहां पहले सीमित संख्या में ऑपरेशन हो पाते थे, वहीं अब एक ही दिन में 8 सफल सर्जरी कर अस्पताल ने नई उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयास और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन तथा अस्पताल अधीक्षक डॉ. स्वप्निल तिवारी के कुशल प्रबंधन का परिणाम माना जा रहा है। अस्पताल में लगातार विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, ऑपरेशन थिएटर की बेहतर व्यवस्था तथा आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से अब क्षेत्रीय मरीजों को बड़े शहरों की ओर रेफर होने की आवश्यकता कम पड़ रही है। एक ही दिन में जनरल सर्जरी, ऑर्थोपेडिक एवं ईएनटी विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की सफल सर्जरी की गईं। सभी ऑपरेशन विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं प्रशिक्षित ओटी स्टाफ की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। ऑपरेशन टीम में ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश जायसवाल, एनेस्थेटिस्ट डॉ. एलपी मराबी, डॉ. फिरोज शेख, जनरल सर्जन डॉ. राजीव गुप्ता, ईएनटी सर्जन डॉ. अलेख सिदार सहित ओटी इंचार्ज पुष्पा पटेल, प्रियंका साहू, मुकेश शर्मा, आकांक्षा जायसवाल एवं संजय द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जुनापारा-सलका सड़क निर्माण को स्वीकृति

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन के सुशासन तिहार कार्यक्रम में ग्राम फुलपुर में 26 मई को क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात मिली। विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कलेक्टर की उपस्थिति में जुनापारा बगीचा चौक से सलका चौक तक प्रस्तावित बाईपास सड़क निर्माण की जानकारी देकर वर्षों से चली आ रही ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने का संकेत दिया। घोषणा होते ही पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के विकास, सुरक्षित आवागमन और नसहयोग की बड़ी जीत बताया। विदित हो कि बिशुनपुर-सलका मार्ग की खराब स्थिति और बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए ग्रामीण लंबे समय से वैकल्पिक बाईपास सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों ने लगातार आवेदन, मांग और जनसहयोग के माध्यम से इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। प्रस्तावित सड़क निर्माण के दौरान मोहल्ला तलवापारा के कुछ मकानों के प्रभावित होने की संभावना के बावजूद स्थानीय लोगों ने विकास कार्य में सहयोग की मिसाल पेश की।

### पूर्व छात्र सम्मेलन में जीवंत हुई बचपन की यादें

**मनेन्द्रगढ़।** कहते हैं कि बचपन का समय जीवन का सबसे सुनहरा दौर होता है, खासकर स्कूल के वे दिन जो मित्रों, शिक्षकों और अनगिनत यादों के साथ बीतते हैं। समय बीतने के साथ भले ही छात्र अपने जीवन और करियर में आगे बढ़ जाते हैं, लेकिन स्कूल की घंटी, क्लास रूम की शरारतें, शिक्षकों की सीख, डांट और प्रोत्साहन हमेशा स्मृतियों में जीवित रहते हैं। इन्हीं यादों को फिर से ताजा करने का सराहनीय प्रयास सरस्वती विकास विद्यालय मनेन्द्रगढ़ द्वारा किया गया, जहां आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन ने सभी को भावुक कर दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में वर्षों पहले यहां अध्ययन कर चुके पूर्व छात्र काफी संख्या में शामिल हुए।

### कांग्रेस शासनकाल से चल रहा निर्माण कार्य, शुरुआत में डीएमएफ से 35 करोड़ की मिली थी स्वीकृति

# निर्माणाधीन 200 बिस्तरीय अस्पताल देखने पहुंची कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय में निर्माणाधीन 200 बिस्तरीय नवीन जिला चिकित्सालय भवन का निरीक्षण करने गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव पहुंची।

उन्होंने लंबे समय से लंबित इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजना के पुनः गति पकड़ने पर संतोष व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि अब निर्माण कार्य में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा हाल ही में आयोजित समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य संबंधी परियोजनाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि क्वालिटी, क्वांटिटी और टाइमिंग पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि लंबे समय तक





निर्माणाधीन अस्पताल का निरीक्षण करतीं कलेक्टर रोक्तिमा यादव।

वित्तीय आवंटन के अभाव में रूका यह बहुप्रतीक्षित अस्पताल भवन निर्माण कार्य अब पुनः प्रारंभ हो चुका है तथा वर्तमान में द्वितीय तल स्लैब स्तर पर कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि आगामी एक वर्ष के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जानकारी के अनुसार जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ द्वारा वर्ष 2021 में इस परियोजना के लिए लगभग 35 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी, जबकि सीजीएमएससी लिमिटेड द्वारा लगभग 31 करोड़ रूपए की तकनीकी स्वीकृति जारी की गई थी। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कार्यादेश जारी किया गया था। निर्माण कार्य 10 मई 2022 से प्रारंभ हुआ था।

अस्पताल भवन में कुल तीन तलों का निर्माण प्रस्तावित है। प्रारंभिक चरण में 13 करोड़ रूपए का आवंटन प्राप्त हुआ था, लेकिन बाद में अतिरिक्त राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्य द्वितीय तल स्लैब स्तर पर बंद हो गया था। हाल ही में डीएचएस मद से 23 करोड़ 59 लाख रूपए की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद निर्माण कार्य पुनः तेज गति से शुरू किया गया है। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में प्रस्तावित सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी, वार्ड, लैब, ऑपरेशन थिएटर, एक्सरे कक्ष, सोनोग्राफी कक्ष, लिफ्ट, रैम्प, शौचालय, पेयजल, वाहन पार्किंग, बिजली बैकअप, पानी निकासी, मरीजों एवं परिजन के लिए कैंटीन तथा मेडिकल कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि अस्पताल भवन में बुजुर्गों एवं दिव्यांगजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। रैम्प, लिफ्ट और आसान आवागमन की व्यवस्था को प्राथमिकता देने को कहा गया। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं एवं उपकरणों का विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि करोड़ों रूपए की लागत से निर्मित हो रहे इस अस्पताल में बेहतर जांच एवं उपचार सुविधाओं के साथ आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन सह अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ. आयुष जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



विरोध प्रदर्शन करते कथा समिति के लोग।

# जगद्गुरू पर टिप्पणी के विरोध में फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के द्वारा दिए गए बयान के विरोध में चिरमिरी क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया गया। श्रीराम कथा आयोजन समिति एवं सनातन समाज के लोगों ने विरोध सभा आयोजित कर हल्दीबाड़ी चौक में डॉ. महंत का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की।

■ कथा आयोजन समिति ने किया प्रदर्शन

बताया जा रहा है कि बीते दिनों चिरमिरी में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान एमसीबी प्रवास पर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बयान दिया था कि मैं रामभद्राचार्य को जगदगुरू नहीं मानता। इस टिप्पणी को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक और धार्मिक माहौल गरमा गया है। सनातन समाज और कथा आयोजन समिति ने इसे करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का अपमान बताते हुए विरोध दर्ज कराया। कथा समाप्ति के बाद चिरमिरी के हल्दीबाड़ी स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने श्रीराम कथा आयोजन समिति द्वारा विरोध सभा आयोजित की गई। इस दौरान काफी संख्या में सनातन धर्मावलंबी, महिला सदस्य और आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नवतपा के चौथे दिन बारिश से मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

नवतपा के चौथे दिन गुरूवार को जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से तेज धूप और उमस भरे वातावरण के बीच दोपहर बाद आसमान में बादल छाए और कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने लोगों को भीषण गर्मी से कुछ देर के लिए राहत जरूर दी, लेकिन मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान और उमस दोनों बढ़ सकते हैं। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में लगातार तेज धूप और गर्म हवाओं का असर बना हुआ था। नवतपा के दौरान तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा था, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा था। 28 मई को अचानक बदले मौसम के कारण बाजारों और सड़कों पर लोगों को राहत महसूस हुई। कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी बूंदाबांदी और तेज हवा चलने की खबरें सामने आईं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह बारिश प्री-मानसून गतिविधियों का हिस्सा मानी जा रही है। वातावरण में नमी बढ़ने और स्थानीय स्तर पर बने दबाव के कारण बादल सक्रिय हुए, जिससे बारिश हुई। हालांकि यह बदलाव स्थायी नहीं माना जा रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो से तीन दिनों में तापमान में फिर बढ़ोतरी हो सकती है। खासकर बारिश के बाद निकलने वाली तेज धूप के कारण उमस अधिक परेशान कर सकती है।

■ उमस और गर्मी बढ़ी

विशेषज्ञ बताते हैं कि नवतपा के दौरान यदि बीच-बीच में बादल और बारिश होती है तो धरती की सतह पर नमी बढ़ जाती है। इसके बाद जब धूप निकलती है तो वातावरण में भाप जैसी स्थिति बनती है, जिससे उमस बढ़ती है और गर्मी अधिक महसूस होती है। यही कारण है कि हल्की बारिश के बाद भी लोगों को अगले दिनों में अधिक चिपचिपी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए यह बारिश फिलहाल लाभकारी मानी जा रही है। किसानों का कहना है कि बारिश से खेतों की नमी बनी है और तेज गर्मी से कुछ राहत मिली है। वहीं दूसरी ओर लगातार बदलते मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग का कहना है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून की गतिविधियां धीरे-धीरे सक्रिय हो रही हैं, लेकिन अभी प्रदेश में पूरी तरह मानसूनी बारिश शुरू होने में समय है। फिलहाल अगले कुछ दिनों तक तेज धूप, बादल और कहीं-कहीं हल्की बारिश का दौर जारी रह सकता है। बारिश के बाद मौसम भले ही सुहावना नजर आया हो, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह राहत अस्थायी है और नवतपा का असर अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। ऐसे में लोगों को आने वाले दिनों में बढ़ती उमस और गर्मी के लिए तैयार रहने की जरूरत होगी।

### पद्म पुरस्कार-2027 के लिए नामांकन शुरू

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने पद्म पुरस्कार 2027 के लिए योग्य एवं उत्कृष्ट व्यक्तियों से नामांकन और अनुशंसाएं आमंत्रित की हैं। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं, जिनकी स्थापना वर्ष 1954 में की गई थी। यह सम्मान कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक सेवा, व्यापार एवं उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट एवं असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है। शासन द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि इन पुरस्कारों के माध्यम से समाज के उन गुमनाम और अनछुए नायकों को पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है, जो निःस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट निर्माण में योगदान दे रहे हैं। विशेष रूप से महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगजन, कमजोर वर्गों तथा दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में कार्यरत प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे लाने पर जोर दिया गया है।

# काजू उत्पादन को किसानों ने बनाया आय का उत्तम साधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर में किसानों को सेब, नाशपाती,काजू, स्ट्राबेरी, आदि अन्य खेती के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। जशपुर में जिला प्रशासन उद्यान विभाग रीड्स और नाबार्ड के संयुक्त प्रयास से जिले के लगभग 7800 किसान 7800 एकड़ खेत में काजू की अच्छी फसल ले रहे हैं। सभी किसान अपने एक एक एकड़ के खेत में काजू की अच्छी फसल ले रहे हैं।

■ जशपुर काजू गुणवत्ता और मिठास के कारण अन्य जिलों के साथ झारखंड, उड़िसा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली तक डिमांड

जशपुर की काजू की डिमांड छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के साथ झारखंड, उत्तर प्रदेश, उड़िसा, दिल्ली आदि अन्य राज्यों में निरंतर बनी रहती है। गुणवत्ता और मिठास के मामले में भी जशपुर की काजू के क्या कहने इसी कारण इसकी ज्यादा मांग मार्केट में बनी हुई है। उल्लेखनीय काजू एक लाभदायक नगदी फसल है ग्राफ्टेड पौधे जल्दी फल देते हैं और उत्पादन अधिक होता है। रोपण विधि वर्षा ऋतु में पौध रोपण करना अच्छा रहता है। पौधों के बीच लगभग 7–8 मीटर दूरी रखें। गड्ढे में गोबर खाद और मिट्टी मिलाकर पौधा लगाएं। सिंचाई और देखभाल शुरुआती वर्षों में नियमित सिंचाई आवश्यक होती है। खरपतवार नियंत्रण और समय-समय पर छंटाई करना चाहिए पौधे 3–4 वर्ष बाद फल देना शुरू करते हैं। पूर्ण उत्पादन 8–10 वर्ष में मिलता है। एक विकसित पेड़ से 8–15 किलोग्राम तक काजू प्राप्त हो सकता है। काजू का उपयोग मिठाई, नमकीन और ड्राई फ्रूट में उपयोग किया जाता है। काजू के छिलके से औद्योगिक तेल बनाया जाता है। निर्यात से किसानों को अच्छा लाभ मिलता है।

# हत्याकांड की जांच तेज, निष्पक्षता को लेकर भी उठने लगे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

बिजुरी हत्याकांड की गंभीरता को देखते हुए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मामले की जांच तेज कर दी है। एसआईटी प्रमुख उमेश उपाध्याय ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की कमान संभाल ली है तथा मामले से जुड़े हर पहलू की गहन पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पूरे प्रकरण की निगरानी एडिशनल एसपी शहडोल अभिषेक दीवान द्वारा विशेष अन्वेषण अधिकारी के रूप में की जा रही है। उनके निर्देशन में एसआईटी टीम घटनास्थल का पुनः निरीक्षण, तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों का संकलन, संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ तथा परिस्थितिजन्य तथ्यों के विश्लेषण में जुटी हुई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मामले की संवेदनशीलता को



देखते हुए जांच अत्यंत गंभीरता और सतर्कता के साथ की जा रही है। टीम तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ प्रत्यक्ष एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को भी बारीकी से खंगाल रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों और जिम्मेदार व्यक्तियों तक जल्द पहुंचा जा सके। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि जांच निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाई जा रही है और सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इधर मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं और सवालों का दौर भी तेज हो गया है। आमजन के बीच यह सवाल उठना लाजिमी माना जा रहा है कि क्या अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी इस मामले की पूरी निष्पक्षता से जांच कर पाएंगे। चर्चाओं में कहा जा रहा है कि जब एसआईटी का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से अब तक जांच को लेकर अपेक्षित स्पष्टता, दृढ़ता अथवा सार्वजनिक जवाबदेही दिखाई नहीं दे रही है, तब अधीनस्थ अमले की कार्यप्रणाली को लेकर भी स्वाभाविक रूप से सवाल खड़े होना शुरू हो गए हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि मामले की संवेदनशीलता और जनभावनाओं को देखते हुए जांच एजेंसी को हर कदम पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही के साथ उठाना होगा, ताकि जांच प्रक्रिया पर जनता का विश्वास कायम रह सके और मृतक युवती सहित मृतक किशोर को न्यायोचित इंसाफ मिल सके।

## किसानों की शिकायत मिली तो सीधे होगी कार्रवाई

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े ने कृषि विभाग, खाद्य विभाग, विपणन विभाग एवं सहकारिता बैंक की संयुक्त समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि किसानों से जुड़ी योजनाओं और व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, सभी एसडीएम, संबंधित विभागों के जिला अधिकारी एवं सभी आरईएओ उपस्थित रहे। बैठक में एग्रीस्टैक आईडी सैचुरेशन, धान खरीदी उपार्जन केन्द्रों में धान उठाव, खाद एवं बीज वितरण तथा जिले में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

## माहवारी स्वच्छता को लेकर बढ़ी जागरूकता



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में चलाया जा रहा तारुण्य वार्ता पीरियड्स पर खुलकर अभियान अब सामाजिक बदलाव की मजबूत पहल बनता जा रहा है।

यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के संयुक्त प्रयास से चल रहे इस अभियान के माध्यम से गांव-गांव और वार्ड-वार्ड में माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाई जा रही है। यह अभियान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है। जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन तथा जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू के नेतृत्व में जिलेभर में कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। अभियान के दौरान किशोरियों को माहवारी के समय स्वच्छता बनाए रखने, हर 4 से 6 घंटे में सैनिटरी पैड बदलने, पौष्टिक भोजन लेने और संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षकों द्वारा यह भी समझाया जा रहा है कि पीरियड्स के दौरान मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। 26 मई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर से उमझर तक निकाली गई रैली में विद्यार्थियों ने पोस्टर और स्लोगन के जरिए माहवारी स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चित्ताझोर पोड़ी में जनजागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन और रैली जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामवासी

# किसी वार्ड में 4 तो कहीं 8 दिन में टैंकर से पानी सप्लाई, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटगोड़ी

कोरिया जिले के जल क्रांति अभियान ग्राम में ही भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल की समस्या से जुझना पड़ रहा है। जल वितरण के लिए व्यवस्था की गई है, लेकिन नियमित रूप से जल वितरण नहीं किए जाने के कारण ग्रामीणों में नाराजगी है। यही कारण है कि लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

■ लापरवाही पर संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने की जरूरत

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के सोनहत जनपद



अंतर्गत आदर्श एवं जल क्रांति अभियान ग्राम कटगोड़ी में गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा था और इस समय भीषण गर्मी में यहां के लोगों को पेयजल के लिए सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ रहा है। एसईसीएल खनन क्षेत्र में आने के कारण एसईसीएल द्वारा ग्राम पंचायत कटगोड़ी क्षेत्र में जल संकट से लोगों को राहत देने के लिए टेंडर जारी कर ग्राम पंचायत क्षेत्र के गांवों में पेयजल सप्लाई करना है। जानकारी के अनुसार टैंकर के माध्यम से एक दिन में 10 टैंकर पानी सप्लाई ग्राम पंचायत कटगोड़ी क्षेत्र के गांव के सभी वार्डों में किया जाना है, लेकिन जल वितरण व्यवस्था पर निगरानी नहीं रखे जाने के कारण मनमाना जल वितरण किया जा रहा है।

शिकायतों के अनुसार किसी वार्ड में 4 दिन, कही 8 दिन में एक बार पानी टैंकर से जल वितरण किया जा रहा है, इसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है और लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार के मनमानी से लोग त्रस्त है, ऐसी लापरवाही पर संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने की जरूरत है।

### शीतल जल की व्यवस्था अब तक नहीं

कटगोड़ी चौक जो कि गांव का मुख्य बाजार स्थल है। मुख्य बाजार स्थल के साथ बैंकिंग कार्य के लिए आस-पास के विभिन्न गांव के लोग प्रतिदिन अपने कार्य के लिए पहुंचते हैं, जिन्हें इस भीषण गर्मी में सार्वजनिक पेयजल की सुविधा नहीं मिल पाई है, इसके चलते हॉटलों का सहारा लेना पड़ता है या फिर पानी बॉटल खरीदी करना पड़ता है। मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल द्वारा बीते वर्ष कटगोड़ी चौक में शीतल जल की व्यवस्था की गई थी, लेकिन इस वर्ष अब तक शीतल जल की व्यवस्था नहीं की गई।

## खबर संक्षेप

### मिट्टी बांध निर्माण में जेसीबी का उपयोग करने पर ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत

**प्रतापपुर।** जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़वार में मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत मिट्टी बांध निर्माण में जेसीबी का उपयोग करने पर ग्रामीणों ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हेसाम अली के नेतृत्व में कलेक्टर से जनदर्शन में शिकायत कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया है कि मनरेगा के नियमों को ताक पर रखकर रातभर जेसीबी मशीन से खुदाई कराई गई, जिससे शासन की लाखों रुपये की राशि का दुरुपयोग हुआ और रोजगार अधिकारों पर असर पड़ा है। शिकायत में बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत बड़वार में मनरेगा अंतर्गत मिट्टी बांध निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था। 19 मई की रात पंचायत द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर निर्माण कराया गया। मो. हेसाम अली ने कहा कि मनरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीण मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन पंचायत द्वारा मशीनों से कार्य कराकर मजदूरों का हक छीना जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की सूचना तत्काल संबंधित इंजीनियर और एसडीओ को दी गई, जिसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान जेसीबी मशीन उपयोग के स्पष्ट संकेत मिलने की बात सामने आई। मो. हेसाम अली ने कलेक्टर से शिकायत कर मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### कार्यशाला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर दी गई जानकारी



**राजपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इसी कड़ी में जनपद पंचायत राजपुर के सभाकक्ष में जिला समन्वय स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती मानमती, जनपद सीईओ संजय दुबे कार्यक्रम अधिकारी मानसाय सिदार की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कचरा पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है और स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। बढ़ते कचरे के प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गांवों और शहरों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही। जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती मानमति ने जानकारी दी कि सर्वोच्च न्यायालय एवं एनजीटी के निर्देशों के तहत विशेष अधिसूचित क्षेत्रों, तीर्थ स्थलों, बस स्टैण्ड, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, रेलवे स्टेशन, मॉल, मल्टीप्लेक्स, होटल, अस्पताल, स्टेडियम, सामुदायिक भवन एवं पर्यटन स्थलों में प्लास्टिक एवं अन्य कचरे का पृथक्करण अनिवार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि कचरे को विभिन्न श्रेणियों जैसे वेट वेस्ट, ड्राई वेस्ट, सेनेटरी वेस्ट एवं स्पेशल केयर वेस्ट में अलग-अलग करना आवश्यक होगा। जनपद सीईओ राजपुर संजय दुबे ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का उल्लंघन करने पर मौके पर जुर्माना एवं आपराधिक दण्ड का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने को कहा।

## ग्रामीण उबड़ खाबड़ रास्ता तय कर आते थे मुख्य मार्ग तक

# पहुंचविहीनता का दंश झेल रहे बतौली क्षेत्र के गांवों के लिए पीएम जन मन सड़क योजना बनी वरदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सेदम

आजादी के 77 वर्षों तक पहुंच विहीनता का दंश झेल रहे गांवों तक बनी प्रधानमंत्री जन मन सड़क योजना आज वरदान साबित हो रही है। पहले पगडंडी व पथरीली रास्तों से अपनी जरूरतों को पूरा करने पैदल ही लंबी दूरी तय कर लोग मजबूर थे वहीं उस रास्ते में आज वहीं चार चक्का वाहन धड़ल्ले से आवागमन कर रही है जिससे पहुंचविहीन क्षेत्र का दंश झेल रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है।

**खास बात**

- व्यवस्थित मार्ग नहीं होने से प्रसूता सहित वृद्ध व बीमार लोगों को होती थी परेशानी

जिले के बतौली क्षेत्र में बहुत से दूरस्थ व पहुंचविहीन गांव थे जहां ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और ग्रामीण अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने पगडंडी रास्तों में सफर करने को मजबूर थे। इसके अलावा पगडंडी रास्तों से ही बीमार मरीजों को खाट में ढोकर 108 व 112 वाहन तक कड़ी मशक्कत कर पहुंचाते थे। बेहतर आवागमन की सुविधा नहीं होने के कारण मरीज को समय पर इलाज नहीं मिलने पर जान भी गंवानी पड़ी है। साथ ही राशन लेने भी पगडंडी रास्तों का उपयोग दूरस्थ स्थल में ग्रामीणों द्वारा की जाती रही है। सड़क की समस्या से क्षेत्र ग्रामीण आजादी के बाद भी जूझते नजर आ रहे थे लेकिन अब प्रधानमंत्री जन मन सड़क ग्रामीण के लिए किसी वरदान से कम नहीं।

पहले जहां ग्रामीण सड़क की समस्या से जूझ रहे थे उस क्षेत्र में भी पीएम जनमन योजना के तहत बनी पक्की लोगों को काफी राहत दी है और क्षेत्र के लोगों के लिए सड़क जरूरतों को पूरा करने का सुगम माध्यम बन गया है।



दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में बनी नवनिर्मित सड़क।

**दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र ब्लॉक मुख्यालय से जुड़ा**

केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जन मन सड़क कार्य दूरस्थ दुर्गम क्षेत्रों के लिए वरदान साबित हो रहा है। पहले जहां ग्रामीणों को घंटो पैदल यात्रा कर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचते थे लेकिन सड़क बनने के बाद कुछ समय ही ग्रामीण ब्लॉक मुख्यालय पहुंच जाते है। सड़क बनने से लोगों को अस्पताल, शिक्षा,खेती किसानी करने का माध्यम बन गया है। क्षेत्र के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र नकना से जोबलापारा, सरमना से कोईलारढोंडी, बाषाझाल से कदमहुआ,पहाड़ चिरगा से बिसरपानी, कदनई से समनिया तक पक्की सड़के बनाई गई है जिससे लोगों को पगडंडी रास्तों से राहत मिला है जो ब्लॉक मुख्यालय ,राष्ट्रीय राजमार्ग,तक ग्रामीणों का जुड़ाव हो रहा है।

**पर्यटन स्थल से जुड़ा दालधोवा जलप्रतात**

बिजलहवा से मड़वासई तक बनी जन मन योजना की पक्की सड़क ने मैनपाट पर्यटन स्थल से सेदम दालधोवा जलप्रपात को जोड़ने का काम किया है। जहां राष्ट्रीय राजमार्ग 43 सेदम से मैनपाट मात्र 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जिससे सेदम जलप्रपात को पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने यह जन मन की सड़क कारगर साबित होगा।

**सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर**

पीएम जन मन के तहत सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है जिससे दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। कई कार्य प्रगति पर है जिन्हें गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाएगा जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

-विकास कौशिक
ईई, पीएम जनमन योजना



# कम ऊंचाई पर उड़ान भर रहा हवाई जहाज बना पहेली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

पिछले एक पखवाड़े से दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में बेहद कम ऊंचाई पर उड़ान भर रही एक हवाई जहाज क्षेत्रवासियों के लिए पहेली बनी हुई है। प्रायः हर दिन आसमान से हवाई जहाज को गुजरते देख लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। इसके पूर्व जशपुर, बलरामपुर एवं सूरजपुर में भी बेहद कम ऊंचाई से लम्बे समय तक एक हवाई जहाज के रोज चक्कर लगाने की चर्चा जोरों पर थी।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि शासन की कोई एजेंसी हवाई जहाज से चक्कर लगाकर क्षेत्र में उपलब्ध खनिजों का सर्वेक्षण कर रही हैं वहीं कुछ ग्रामीण देश के चर्चित उद्योगपति द्वारा क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों का हवाई मार्ग से सर्वेक्षण कराने की बात कह रहे है। खास बात है कि हवाई जहाज के संबंध में प्राशासनिक अधिकारियों को भी कोई जानकारी नहीं है। हवाई जहाज प्रायः हर दिन विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम कर्री, कुप्पा, बसनारा के ऊपर से बेहद कम ऊंचाई से गुजरता है तथा महुली, कोल्डीहा के रास्ते मध्यप्रदेश के सिंगरौली की ओर चला जाता है।

इस संबंध में एसडीएम चांदनी कंवर ने बताया कि कम ऊंचाई पर एक हवाई जहाज के उड़ान भरने की सूचना मिली है। इस संबंध में जानकारी लेती हूं।

### ओपीडी में गंभीर हालत में पड़े ग्रामीण की मौत



**अम्बिकापुर।** 27 मई को 30 वर्षीय ग्रामीण ओपीड़ी में अचेत हालत में पड़ा हुआ था। इसी दौरान अचेत पड़े ग्रामीण पर ओपीडी तैनात सुरक्षा कर्मियों की नजर पड़ी तो सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल उसे वार्ड में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पास अस्पताल का पर्ची मिला जिसमे उसका नाम आशीष व बतौली क्षेत्र निवासी लिखा था। बहरहाल पुलिस ने मृतक की पहचान नहीं हो पाने पर शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में रखवा दिया है साथ ही परिजन की तलाश शुरू कर दी है।



# बनारस से आए पुजारियों के दल ने की भव्य गंगा आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

मां गंगा के धरती पर अवतरण दिवस गंगा दशहरा के अवसर पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर एवं तत्पर सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को कुरवाँ स्थित रिंहद नदी तट पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान बनारस से आए पुजारियों द्वारा प्रस्तुत गंगा आरती ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

- ग्राम कुरवाँ स्थित रिंहद नदी तट और संकट मोचन मंदिर में गूंजे भजन कीर्तन

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल रुद्राभिषेक एवं मां गंगा के पूजन-अर्चन से हुई। देर शाम रिंहद नदी तट पर बनारस से आए पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार और मधुर भजनों के बीच लगभग आधे घंटे तक भव्य गंगा आरती की। दीपों की रोशनी, शंखध्वनि और भक्ति संगीत के बीच हुई आरती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। यहां बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने नदी तट पर दीपदान भी किया। आयोजन में नदी तट दीपों की श्रृंखला भी सजाई गई थी,अंत में प्रसाद वितरण किया गया।इसी क्रम में बुधवार शाम बस स्टैंड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में भी विशेष आरती का आयोजन किया गया। बनारस से आए पांच पुजारियों के दल ने भगवान श्री हनुमान जी की आकर्षक आरती प्रस्तुत की, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी अपने समर्थकों के साथ शामिल हुईं और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। विभिन्न भजनों और आरती गीतों के बीच पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।आयोजन को सफल बनाने में आचार्य पंडित बालकिशुन गर्ग 'भोला महाराज' एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजन और आरती संपन्न कराई।

# सर्वेश्वरी समूह ने जेल में लगाया मेडिकल कैम्प

**अंबिकापुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा द्वारा 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम अघोरेस्वर महाप्रभु को नमन करते हुए अंबिकापुर आश्रम के व्यवस्थापक समर विजय सिंह तोमर के संचालन एवं प्रमोद श्रीवास्तव के सहसंचालन में केन्द्रीय जेल में वृहद् मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

- वृद्धाश्रम, बाल आश्रम, जिला अस्पताल में किया फल वितरण



शिस कैम्प में डॉ. अनिल सिंह, डॉ. द्विवेदी, डॉ. अर्पण, डॉ. अनुभा, डॉ. अर्पणा एवं अन्य चिकित्सको ने अपना सहयोग दिया। चिकित्सकों ने 600 कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दावा वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त बंदियों का नेत्र परीक्षण भी किया गया और 84 बंदियों को चश्मा दिया गया। मेडिकल कैंप के संचालन में जेल अधीक्षक अक्षय राजपूत, जेल स्टाफ एवं आश्रम के स्वयं सेवक राहुल जयसवाल, संजीव सिंह, रवि सोनी, मनोज सिंह एवं रविशंकर सिंह ने सहयोग किया। इस 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत ही शहर के विभिन्न वृदाश्रम, बाल-आश्रम, अनाथालय, दिव्यंगा-आश्रम (घरोंदा) एवं जिला चिकित्सालय में फल तथा बिस्कुट का वितरण किया गया। साथ ही छोटे बच्चों के उपयोग में आने वाले वस्तुओं एव मेडिकल किट का भी वितरण किया गया। निसक्त एवं बेसहारा लोगो को भोजन का पैकेट दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम की महिला स्वयं सेवक प्रतिमा राय, राखी सोनी, श्वेता सिंह, बबीता ताम्रकर, नीता सिंह, दीपिका श्रीवास्तव एवं उनके सहयोग के लिए अजय, दुहन, ओपी सिंह, सचिन, सुरेश व दिलीप उपस्थित रहे।

# मासिक स्वच्छता दिवस पर विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

स्वस्थ नारी, सशक्त नारी के संकल्प के साथ 28 मई को मासिक स्वच्छता दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वच्छता अपनाना, जीवन संवारना और मासिक धर्म से जुड़ी रूढ़िवादिता व झिझक को दूर करना है।

स्काउट्स एवं गाइड्स और यूनिसेफ के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में हाई स्कूल फुलचुही, उदयपुर के स्काउट्स मास्टर विपिन बिहारी गहवई ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर मासिक रक्षा सूत्र भी पहनाकर समाज के संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य व सम्मान को बढ़ावा देने के लिए पाच महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया। स्वच्छता रखें, स्वस्थ रहें, सही जानकारी, सुरक्षित भविष्य, सैनिटरी पैड का उपयोग करें, समय पर पैड बदलें, खुलकर बात करें, शर्म को दूर करें। अभियान के तहत 'एक कदम स्वच्छता की ओर, एक कदम सशक्त समाज की ओर' का नारा दिया गया। आयोजकों का मानना है कि जब देश की महिला स्वस्थ होगी, तभी एक सशक्त परिवार और मजबूत समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर लोगों से स्वच्छता अपनाए', 'सफाई का ध्यान रखें', सही उत्पाद का उपयोग करें और जानकारी बढ़ाएँ, जागरूक बनें'जैसे संकल्प लेने की बात कही।



### ग्राम मदनपुर स्थित एनएच पर कार चालक ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** एन एच 43 स्थित मदनपुर ग्राम के चौदहा पेट्रोल पंप के सामने हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और हालत बिगड़ने पर रायपुर रेफर करना पड़ा। जयनगर पुलिस ने बताया कि 18 मई की सुबह करीब 10.30 बजे सूरजपुर के बंगालीपारा वार्ड क्रमांक 8 निवासी वैभव तिवारी ने जयनगर थाना में लिखित आवेदन देकर सूचना दी कि उनके ससुर सुबोध हलदार ग्राम मदनपुर बाजारपारा से पैदल एनएच 43 किनारे स्थित एक मोबाइल दुकान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अंबिकापुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही हुंडई एक्सेंट कार क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 1859 के चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर लगने के बाद सुबोध सड़क पर दूर जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल को उठाकर उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया है। परिजन के अनुसार हादसे के बाद घायल सुबोध को तत्काल होली क्रॉस अस्पताल ले जाया गया जहां 21 मई तक उनका उपचार चला लेकिन सिर और शरीर में गंभीर चोटों को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया। वर्तमान में उनका इलाज डीकेएस अस्पताल रायपुर में जारी है जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

- गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग का रायपुर में चल रहा उपचार

# मरीज को फाइलेरिया से बचाव की दी गई जानकारी



**प्रतापपुर।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड प्रतापपुर में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सतत गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम मानी निवासी फाइलेरिया रोग से पीड़ित मरीज राजकुमार आ. परमेश्वर (35 वर्ष) का 2021में फाइलेरिया बीमारी का पहचान कर सतत मॉनिटरिंग एवं स्वास्थ्य शिक्षा दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज ग्राम मानी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मानी में मरीज को बुलाकर फाइलेरिया से बचाव हेतु प्रभावित अंग की सफाई कर नियमित साफ-सफाई, व्यायाम, त्वचा की देखरेख एवं संक्रमण से बचाव हेतु परामर्श दिया गया। मरीज को आवश्यक उपचार संबंधी सामग्री देकर मार्गदर्शन भी दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से कहा कि फाइलेरिया से बचाव हेतु समय-समय पर चलाए जाने जा रहें गतिविधियों में अनिवार्य रूप से भाग लेकर फाइलेरिया संबंधी लक्षण दिखाई देने पर नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। यह गतिविधि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
LAPAROSCOPIC SURGEON

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 जून, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर
गायत्री हॉस्पिटल
• सिर, कमर, हाथ, पैर में दर्द,
• सिर की चोट (हेड इन्जुरी)
• रीढ़ की हड्डी की चोट
• ब्रेन ट्यूमर, स्पाईनल ट्यूमर
• बच्चों में बड़ा सिर (हाइड्रोसिफेल
• पीठ में फोड़ा (मैनिनगोसील)
• माइक्रो एण्डोस्कोपी
• लकवा, सियाटिका
• स्लिप डिस्क आदि का ईलाज

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक -31 मई, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 23 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- दोपहर 02 बजे से रात्रि 8 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

## खबर संक्षेप

### अवैध गिट्टी परिवहन करते तीन हाइवा जब्त

**अम्बिकापुर।** खनिज विभाग की टीम ने राजपुर तहसील अंतर्गत अवैध गिट्टी परिवहन करते तीन हाइवा को जब्त कर पुलिस के सुपुर्द किया है। अवैध खनिज परिवहन की जांच में निकली टीम ने राजपुर, बरियों एवं पस्ता में वैध दस्तावेज के बिना गिट्टी परिवहन करते तीन हाइवा को जब्त किया। चालक टीपी के बिना ही गिट्टी परिवहन कर रहे थे। टीम ने जब्त तीनों हाइवा को बरियों एवं पस्ता पुलिस के सुपुर्द किया है।

### शायर ए शहर यादव विकास को दी गई श्रद्धांजलि



**अम्बिकापुर।** शायर ए शहर यादव विकास के निधन पर तुलसी साहित्य समिति द्वारा मालवीय भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनके योगदान का स्मरण किया गया। सभा में उपस्थित साहित्यकारों ने स्व.यादव के कृतित्व, व्यक्तित्व एवं उनकी जिंदादिली का स्मरण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बीडी लाल, मुकुंदलाल साहू, डॉ.माधुरी जायसवाल, देवेन्द्र नाथ दुबे, श्याम बिहारी पाण्डेय, सच्चिदानंद पाण्डेय, विनोद हर्ष, संतोष सरल सहित अन्य कवियों ने शायर ए शहर यादव विकास का स्मरण किया तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पेज 1 के शेष...

### केते एक्शटेंशन को मंजूरी...

नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मैंने लगातार यह प्रयास किया है कि केते एक्शटेंशन कोल परियोजना को मंजूरी न मिले। इसके लिए पूर्ववर्ती राज्य सरकार जो हमारे कांग्रेस पार्टी की थी हम सबने मिल कर हसदेव अरण्य को बचाने के लिए संवैधानिक तरीकों से प्रयास किया। किन्तु मौजूदा भाजपा की सरकार तो विधानसभा के पारित प्रस्ताव को ही झुठला रही है, जिसमें इनके खुद के विधायकों की भी सहमति है। केते एक्शटेंशन न सिर्फ 7 लाख से अधिक संरक्षित व आरक्षित पेड़ों की बलि लेगा बल्कि रामगढ़ के पहाड़ और पहाड़ पर स्थित मंदिर का अस्तित्व ही समाप्त कर देगा। सरकार की यह कार्यप्रणाली पूरी तरह एक कंपनी के निजी लाभ व उसे खुश करने की है न कि जनहित की है।

## पानी के लिए ग्रामीणों को करना पड़ रहा लम्बा सफर

# तहसील मुख्यालय दरिमा में जल संकट बना विकराल, वर्षों बाद भी शुरू नहीं हुई आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरिमा

**खास बात**
- जलश्रोतों के सूखने से मवेशियों को हो रही परेशानी

भीषण गर्मी में तहसील मुख्यालय दरिमा के लोग भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। घर-घर पेयजल आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी एवं पाइप लाइन का विस्तार वर्षों पूर्व पूरा कर लिया गया है लेकिन अभी तक जलापूर्ति प्रारंभ नहीं की गई है। भीषण गर्मी में पारंपरिक जलश्रोतों के सूखने से मवेशियों को भी जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस शासन में दरिमा को तहसील मुख्यालय का दर्जा मिलने के बाद विभिन्न विभागों के कार्यालय संचालित हो रहे है। बड़ी संख्या में कर्मचारी भी मुख्यालय में निवास कर रहे हैं। तहसील मुख्यालय बनने के बाद तेजी से आबादी बढ़ रही है साथ ही नए-नए आवासीय एवं व्यवसायिक भवन बन रहे हैं। एक तरफ तेजी से क्षेत्र की आबादी बढ़ रही है तथा शहरीकरण हो रहा है दूसरी तरफ मूलभूत सुविधाएं बढ़ने के बजाय लगातार घटते जा रही है। ग्राम पंचायत दरिमा में पूर्व से ही नल-जल योजना संचालित की जा रही है। पूर्व में बेहद कम आबादी होने के कारण लोगों को आवश्यकता के अनुरूप पानी उपलब्ध हो रहा था लेकिन जल उपभोक्ताओं की संख्या में आठ गुना अधिक वृद्धि होने के कारण पिछले 5-6 महीने से लोगों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में यह समस्या विकराल बन गई है तथा लोगों को पानी के लिए लम्बा सफर तय करना पड़ रहा है। घर-घर शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत 4 वर्ष पूर्व ही पानी टंकी निर्माण करने के साथ ही पाइपलाईन विस्तार का कार्य भी पूरा कर लिया गया है लेकिन अभी तक टंकी से पानी की आपूर्ति प्रारंभ नहीं की गई है।



सूखा तालाब।

### अन्य गांवों में भी योजना का बुरा हाल

आसपास के गांवों में भी जलजीवन मिशन का बुरा हाल है। कहीं पानी टंकी एवं पाइपलाइन का विस्तार होने के बावजूद योजना से पेयजल की आपूर्ति प्रारंभ नहीं की गई है तो कहीं वर्षों से योजना अधूरी पड़ी है। ग्राम पंचायत मोतीपुर, बरगवां, लिबरा, बरगई, कुम्हरता में पानी टंकी का निर्माण पूर्व में ही पूरा कर लिया गया है। गांव के मुहल्लों में पाइपलाइन का विस्तार भी हो चुका है लेकिन अभी तक पानी आपूर्ति प्रारंभ नहीं की गई है। दूसरी तरफ ग्राम पंचायत छिंदकालो, कोरया, नवगई में जलजीवन मिशन का निर्माण वर्षों से अधूरा पड़ा है। भीषण गर्मी में कुंआ एवं तालाब पूरी तरह से सूख चुके हैं तथा अधिकांश हैण्डपंप हवा उगल रहे हैं जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए लम्बा सफर तय करना पड़ रहा है।

### पशुओं को भी पानी का संकट

लम्बे अर्से के बाद इस बार भीषण गर्मी में क्षेत्र के पारंपरिक जलश्रोत सूख गए हैं जिसके कारण समस्या और विकराल बन गई है। क्षेत्र के कुंए एवं तालाब सूखने के कारण पालतू पशुओं को भी जल संकट से जूझना पड़ रहा है। गर्मी में ग्राम पंचायत दरिमा के तीन तालाब पूरी तरह से सूख गए हैं। इसी तरह ग्राम पंचायत मोतीपुर, बरगवां सहित आसपास के गांवों के तालाब पूरी तरह से सूख गए हैं। तालाबों में पानी उपलब्ध रहने पर मवेशियों को भी पर्याप्त पानी मिल जाता है तथा मवेशी अपनी प्यास बुझाने स्वयं तालाब के पास पहुंच जाते थे। तालाबों में पानी रहने पर ग्रामीणों को भी काफी सुविधाएं मिलती थी। ग्रामीण तालाबों में ही नहाते तथा कपड़े धोते थे। तालाबों के सूखने से मवेशियों को भी पीने का पानी नहीं मिल रहा है साथ ही ग्रामीणों का निस्तार भी प्रभावित हुआ है।

निर्माण पूरा होने के बावजूद आपूर्ति प्रारंभ नहीं करने पर क्षेत्रवासी विभाग की कार्य प्रणाली पर तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं। ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में निर्मित पानी टंकी से घर-घर पेयजल की आपूर्ति की जा रही थी। चार महीने पूर्व जलापूर्ति इकाई की मोटर खराब होने के कारण तीन महीने से अधिक समय तक योजना का संचालन ठप कर दिया था। एक सप्ताह पूर्व मोटर की मरम्मत होने के बाद फिर से आपूर्ति प्रारंभ की गई है लेकिन लोगों को अधिकतम 8-10 मिनट ही पानी मिल पा रहा है। लोगों का कहना है पूर्व में मात्र 100 घरों में पानी की आपूर्ति की जा रही थी जिससे लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध हो रहा था। अब जल उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर 700 हो गई है। पानी टंकी छोटी होने के कारण लोगों को आवश्यकता के अनुरूप पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इधर जनप्रतिनिधियों का कहना है कि विभाग कागजों में योजना का संचालन कर रहा है तथा शासन को घर-घर जल आपूर्ति करने की झूठी रिपोर्ट भी दे रहा है। अन्यथा योजना पूरी होने के बाद इतनी लम्बी अवधि तक अधिकारी ऐसी अनदेखी नहीं करते। ग्राम पंचायत दरिमा के परसापाली वार्ड में 400 की आबादी दो हैण्डपंपों के सहारे अपनी जरूरतें पूरी कर रही है। हैण्डपंपों की दूरी अधिक होने के कारण हैण्डपंप पर सुबह-शाम पानी लेने ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ रही है। भीषण गर्मी में लोगों को पानी के लिए लम्बा सफर करना पड़ रहा है।

### चल रही है कोशिश

पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुधारने की कोशिशें की जा रही हैं। इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से भी चर्चा की जाएगी।

-गणेश सिंह, सरपंच, दरिमा

# विशुनपुर में 4 साल से टंकी तैयार नहीं हो रही पानी की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामचन्द्रपुर

- गर्मी में पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण

ग्राम पंचायत बिशुनपुर में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की आपूर्ति प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में जल संकट से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है तथा तत्काल पानी टंकी से आपूर्ति प्रारंभ करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से चार वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण एवं पाइप लाइन का विस्तार कराया गया था। निर्माण पूरा होने के बाद योजना ग्राम पंचायत के सुपुर्द करने की तैयारी की जा रही थी। इस दौरान टंकी में पानी भरा गया तो तेजी से पानी टपकने लगा। जनप्रतिनिधियों ने गुणवत्ताहीन पानी टंकी के निर्माण को लेकर ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया तथा पानी टंकी की मरम्मत कराने के बाद ही ग्राम पंचायत द्वारा इसकी जिम्मेदारी लेने की जानकारी दी। इस दौरान ठेकेदार ने पंचायत से पूर्णता प्रमाण पत्र की मांग की तथा दो-चार दिन के भीतर पानी टंकी की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया। जनप्रतिनिधियों द्वारा पानी टंकी की मरम्मत कराने के बाद ही पूर्णता प्रमाण प्रदान करने की बात पर न तो ठेकेदार ने टपक रही पानी टंकी की मरम्मत कराई न ही विभाग के अधिकारियों ने ही इसकी खोज खबर ली। भीषण गर्मी में ग्राम पंचायत बिसुनपुर अंतर्गत इमलीपारा वार्ड के लोगों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। वार्ड पंच भरत सिंह ने बताया कि संक्रमण के कारण बस्ती के तीन कुंओं का पानी काला एवं अनुपयोगी हो गया है। विभाग द्वारा बस्ती में पांच हैण्डपंप लगाए गए हैं जिनमें से दो पिछले एक साल से बंद पड़े हैं जबकि दो हैण्डपंपों से लाल रंग का पानी निकलने के



कारण ग्रामीणों ने इसका उपयोग करना बंद कर दिया है। बस्ती में एकमात्र हैण्डपंप होने के कारण लोगों को पानी के लिए संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को अपनी जरूरत के अनुसार सुबह-शाम 400 मीटर दूर स्कूल पारा स्थित हैण्डपंप से पानी लाना पड़ रहा है। स्कूलपारा स्थित हैण्डपंप पर भारी भीड़ जमा होने के कारण पानी के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत कोटवारी पारा, अजगरमाना पारा, पटेलपारा, उत्तरपारा के ग्रामीणों को भी गर्मी में पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पंच भरत सिंह ने बताया कि विभाग के कर्मचारियों को बंद पड़े हैण्डपंपों की जानकारी कई बार दी गई लेकिन कर्मचारियों द्वारा खराब हैण्डपंपों की मरम्मत कराने की कोई पहल अब तक नहीं की गई है।

इस संबंध में सरपंच श्रीमती लालमुनि सिंह ने बताया कि ठेकेदार ने शीघ्र पानी टंकी की मरम्मत करने का आश्वासन दिया है। योजना की पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है। टंकी से पानी का लीकेज होने के कारण समस्या हो रही है। अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया जाएगा।

# अकीदत के साथ पढ़ी ईद उल अजहा की नमाज, मांगी अमन चैन की दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बकरीद के मौके पर एक दूसरे को गले लगकर दी बधाई



गुरुवार को सरगुजा संभाग में ईद उल अजहा का त्यौहार अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने ईदगाह और मस्जिदों में ईद की दो रकत नमाज अता की। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद उल अजहा की बधाई दी। नमाज के बाद समाज के लोगों ने देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। वहीं समाज के लोगों द्वारा नमाज उपरान्त कुर्बानी की रस्म अदा की गई।

बता दें कि मुस्लिम समाज द्वारा बकरीद के त्यौहार को लेकर लंबे समय से तैयारियां की जा रही थी। ईद उल अजहा को लेकर ईदगाह व मस्जिदों में कमेटियों द्वारा व्यापक पैमाने पर इंतजाम किए गए थे। ईद उल अजहा को लेकर इस बार लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। ईद उल अजहा की नमाज को लेकर सुबह से ही समाज के लोग ईदगाह व मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। ईदगाह में पेश इमाम द्वारा बकरीद के बारे में जानकारी देने के साथ ही लोगों ईमान के रास्ते पर चलने, आपसी भाईचारे की सीख दी गई। शनिवार को ईदगाह में सुबह 9 बजे बकरीद की नमाज अता की गई। ईदगाह में जामा मस्जिद के हाफिज व कारी असीमुद्दीन साहब द्वारा ईद उल अजहा की नमाज पढ़ाई गई। वहीं शहर के रसूलपुर मस्जिद में मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही ने सुबह 7.30 बजे ईद उल अजहा की नमाज पढ़ाई गई। वहीं शहर के जामा मस्जिद, केन्द्रीय जेल के साथ ही अन्य मस्जिदों में भी ईद उल अजहा की नमाज अकीदत के साथ पढ़ी गई। नमाज के बाद समाज के लोगों ने अपने व परिवार के सुख समृद्धि के साथ ही देश में अमन चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। ईद उल अजहा के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को गए मिलकर ईद की बधाई व शुभकामनाएं दी। नमाज के बाद समाज के लोगों ने कब्रिस्तान में जाकर अपने परिवार के सदस्यों की कब्र पर फातिहा पढ़ने के बाद कुर्बानी की रस्म अता की। बकरीद को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा भी ईदगाह व कब्रिस्तान में व्यापक इंतजाम किए गए थे। इस दौरान ईदगाह में ननि सभापति शफी अहमद, अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी,परवेज आलम गांधी, जावेद खान, अफजाल अंसारी, अब्दुल लतीफ, तनवीर हसन, नान बाबा, याकूब खान, सफदर अली, शाहिद खान, मोहसिन खान, अरिब सिद्दीकी, सिकंदर खान, इमरान सिद्दीकी, अनिक खान आदि मौजूद थे।

### पद्य पुरस्कार-2027 के लिए नामांकन शुरू

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने पद्य पुरस्कार 2027 के लिए योग्य एवं उत्कृष्ट व्यक्तियों से नामांकन और अनुशंसाएं आमंत्रित की हैं। पद्य पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं, जिनकी स्थापना वर्ष 1954 में की गई थी। यह सम्मान कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक सेवा, व्यापार एवं उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट एवं असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है।
















